नई वैश्विक एस्थेटिक्स रिपोर्ट: आईलिड सर्जरी (पलक सुधार शल्यक्रिया), लिपोसक्शन (चरबी निकालना) और ब्रेस्ट ऑग्मेंटेशन (स्तन उत्थान शस्त्रक्रिया) प्रमुख सर्जिकल प्रक्रियाओं में शीर्ष पर

2025 में एस्थेटिक प्रक्रियाओं की संख्या 3.5 करोड़ से अधिक रही।

लेबनान, न्यू हैम्पशायर, 29 सितंबर 2026 / PRNewswire/ – इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ एस्थेटिक प्लास्टिक सर्जरी (ISAPS) ने आज अपने वार्षिक ग्लोबल सर्वे ऑन एस्थेटिक/कॉस्मेटिक प्रोसीजर्स के परिणाम जारी किए। सर्वेक्षण के अनुसार, प्लास्टिक सर्जनों द्वारा लगभग 1.79 करोड़ सर्जिकल प्रक्रियाएं और 1.73 करोड़ नॉन-सर्जिकल प्रक्रियाएं की गईं। पिछले चार वर्षों में कुल मिलाकर 9.2% की वृद्धि हुई है।



आईलिड सर्जरी एक बार फिर सबसे अधिक की जाने वाली सर्जिकल प्रक्रिया रही, जिसके बाद लिपोसक्शन, ब्रेस्ट ऑग्मेंटेशन, ब्रेस्ट लिफ्ट और एब्डोमिनोप्लास्टी का स्थान रहा। सबसे लोकप्रिय नॉन-सर्जिकल प्रक्रियाओं में बोटुलिनम टॉक्सिन, हायलूरोनिक एसिड (फिलर), नॉन-सर्जिकल स्किन टाइटनिंग और हेयर रिमूवल शामिल रहे।

चेहरे और सिर से संबंधित प्रक्रियाओं में 2024 की तुलना में वृद्धि देखी गई। इस श्रेणी में 76 लाख से अधिक प्रक्रियाएं की गईं, जो 3.2% की वृद्धि दर्शाती हैं। प्रमुख प्रक्रियाओं में 24 लाख से अधिक आईलिड सर्जरी, 10 लाख से अधिक राइनोप्लास्टी (नाक की रचना सुधार) और 9 लाख फैट ग्राफ्टिंग (चरबी रोपण) प्रक्रियाएं शामिल थीं। 47 लाख ब्रेस्ट प्रक्रियाएं (+5.7%) और 54 लाख बॉडी एवं एक्स्ट्रीमिटीज़ (बाजू तथा पैर) प्रक्रियाएं (-8.9%) की गईं।

पहली बार, महिलाओं और पुरुषों दोनों में आईलिड सर्जरी सबसे अधिक की जाने वाली सर्जिकल प्रक्रिया रही। इसके बाद महिलाओं में ब्रेस्ट ऑग्मेंटेशन और लिपोसक्शन, जबकि पुरुषों में गाइनेकोमैस्टिया (पुरुष के स्तन की वृद्धी निकालना) और राइनोप्लास्टी का स्थान रहा। सभी सर्जिकल प्रक्रियाओं में से 85.6% और नॉन-सर्जिकल प्रक्रियाओं में से 84.8% प्रक्रियाएं महिलाओं पर की गईं, जबकि 14.4% सर्जिकल और 15.2% नॉन-सर्जिकल प्रक्रियाएं पुरुषों पर की गईं।

अधिकांश ब्रेस्ट ऑग्मेंटेशन (49.5%), सभी प्रकार की बाह्य जननांग सर्जरी (45.2%) और राइनोप्लास्टी (57%) 18–34 वर्ष की आयु के लोगों में की गईं, जबकि बोटुलिनम टॉक्सिन इंजेक्टेबल्स (47%) और लिपोसक्शन (44%) 35–50 वर्ष की आयु के लोगों में सबसे अधिक लोकप्रिय रहे। नॉन-सर्जिकल फैट रिडक्शन दोनों आयु समूहों में लगभग समान रूप से वितरित रहा।

बोटुलिनम टॉक्सिन पुरुषों और महिलाओं दोनों में तथा सभी आयु समूहों में सबसे अधिक की जाने वाली नॉन-सर्जिकल प्रक्रिया बनी रही। दुनिया भर में प्लास्टिक सर्जनों द्वारा इसकी 73 लाख प्रक्रियाएं की गईं। दूसरे स्थान पर हायलूरोनिक एसिड (फिलर) प्रक्रियाएं रहीं, जिनकी संख्या 47 लाख थी।

एक बार फिर, अमेरिका में सबसे अधिक प्रक्रियाएं की गईं—54 लाख से अधिक। नॉन-सर्जिकल प्रक्रियाओं के मामले में अमेरिका 32 लाख से अधिक प्रक्रियाओं के साथ पहले स्थान पर रहा। इसके बाद ब्राज़ील में 32 लाख प्रक्रियाएं की गईं, जहां 23 लाख सर्जिकल प्रक्रियाओं के साथ यह सर्जिकल प्रक्रियाओं के मामले में पहले स्थान पर रहा। चीन में 28 लाख प्रक्रियाएं की गईं। औसतन, जिन देशों में विदेशी मरीजों का अनुपात सबसे अधिक रहा, वे डोमिनिकन रिपब्लिक, ट्यूनीशिया और मेक्सिको हैं।

परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, डॉ. अमीन कलाजी, ISAPS की ग्लोबल सर्वे कमेटी के चेयर और नॉर्वे में प्लास्टिक सर्जन, ने कहा:

“यह सर्वेक्षण 51 अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हुए महत्वपूर्ण बदलावों को दर्शाता है। इनमें मैस्टोपेक्सी (ब्रेस्ट लिफ्ट) में 48% की वृद्धि के साथ प्रतिशत के आधार पर सबसे अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि सर्जिकल प्रक्रियाओं में आईलिड सर्जरी में कुल संख्या के आधार पर सबसे अधिक वृद्धि हुई। इसके विपरीत, हमने नॉन-सर्जिकल उपचारों में उल्लेखनीय गिरावट देखी—विशेष रूप से पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए हायलूरोनिक एसिड इंजेक्टेबल्स में 25% की कमी।”

मरीजों की सुरक्षा

डॉ. नवीन कवाले, ISAPS की कम्युनिकेशंस कमेटी के चेयर और UK में प्लास्टिक सर्जन, ने कहा:

“हालांकि यह एक वैकल्पिक प्रक्रिया है, लेकिन एस्थेटिक कॉस्मेटिक सर्जरी वास्तव में एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें जोखिम और संभावित साइड इफेक्ट्स शामिल हो सकते हैं। सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए और हम मरीजों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे ऐसे बोर्ड-सर्टिफाइड, विशेषज्ञ प्लास्टिक सर्जन का चयन करें, जो संबंधित प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित और अनुभवी हों।”

सर्वेक्षण के विस्तृत परिणामों की कॉपी के लिए कृपया यहां जाएं:
https://www.isaps.org/discover/media-centre

मरीजों के लिए दिशानिर्देश हेतु कृपया यहां जाएं:
https://www.isaps.org/discover/patients-home

मीडिया संबंधी पूछताछ के लिए कृपया संपर्क करें:
media@isaps.org

ISAPS International Society of Aesthetic Plastic Surgery